अतिथि व्याख्यान

अग्रवाल महाविद्यालय में दिनांक 11—09—2019 को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता की प्रेरणा से सोशल साइंस फोरम के अन्तर्गत एक अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। इस व्याख्यान का विषय एक राष्ट्र एक चुनाव, सबका साथ सबका विश्वास था। यह व्याख्यान डॉ. चारू माथुर (प्रवक्ता, आत्माराम सनातन धर्म महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय) द्वारा दिया गया। डॉ. चारू ने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का सपना पूरे देश में एक साथ चुनाव करवाने का है इसलिए सरकार द्वारा एकराष्ट्र एक चुनाव मुद्दे पर समिति भी गठित की गई हालांकि इसके मार्ग में कई बाधाएँ हैं साथ ही इसके लिए संविधान में संशोधन की जरूरत होगी क्योंकि हमारे यहाँ संसदीय प्रणाली है। एक साथ चुनाव होने से समय, आर्थिक बचत, कालेधन पर अंकुश लगेगा, आचार संहिता के कारण योजनाएँ लंबित नहीं होगी। क्षेत्रिय मुद्दों के स्थान पर राष्ट्रीय मुद्दों को महत्व मिलेगा। हालांकि आलोचक मानते हैं इससे लोकतंत्रीय व्यवस्था बाधित होगी। अंत में इससे संबंधित प्रश्नों का उन्होंने जवाब दिया। यह व्याख्यान सोशल साइंस फोरम के संयोजक डॉ. अशोक निराला, डॉ. रितु द्वारा करवाया गया। इस अवसर पर राजनीति शास्त्र की प्रवक्ता श्रीमती ज्योति डागर व लगभग 120 विद्यार्थी उपस्थित थे।